हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, बुधवार, 17 सितंबर 2025

# मेट्रो सिटी




# राज्य में कैंसर नीति को प्रभावी बनाने मुख्यमंत्री फडणवीस की बैठक

## > नागपुर कैंसर अस्पताल का अधूरा भवन जल्द होगा पूरा

**नागपुर.**

राज्य में कैंसर रोगियों को बेहतर और समयबद्ध इलाज उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार, 16 सितंबर को एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में राज्य की कैंसर नीति को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राज्य के हर जिले में कैंसर उपचार की सुविधाएं सुलभ और सशक्त होनी चाहिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज कैंसर अस्पताल, नागपुर का उल्लेख करते हुए इसके अधूरे भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस निर्माण कार्य के लिए आवश्यक धनराशि अनुपूरक मांग के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।



**कैंसर नीति के तहत लिए गए मुख्य निर्णय:** प्रभावी और समग्र कैंसर नीति तैयार करने के लिए चिकित्सा शिक्षा एवं औषधि विभाग को निर्देश।

राज्य के प्रत्येक जिले में उन्नत कैंसर उपचार सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

निदान, डे-केयर, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी जैसी सुविधाएं प्रत्येक जिले में सुनिश्चित की जाएँ।

जरूरतमंद मरीजों को तत्काल सेवा उपलब्ध कराने हेतु L3 स्तर के उपचार केंद्रों के लिए क्लाउड कमांड सेंटर की योजना।

कैंसर रोगियों को शीघ्र निदान और उन्नत उपचार पद्धतियां उपलब्ध कराने पर ज़ोर।

**मंत्री व अधिकारी रहे उपस्थित**

इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग, औषधि नियंत्रण विभाग तथा अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कैंसर नीति को तेजी से लागू करने की अपील की। राज्य सरकार कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति संवेदनशील रुख अपनाते हुए, मरीजों को समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने हेतु जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास कर रही है। नागपुर कैंसर अस्पताल का अधूरा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होने से विदर्भ सहित संपूर्ण महाराष्ट्र के मरीजों को लाभ मिलेगा।

# 60 फीट ऊंचे शेड से गिरकर ठेकेदारी मजदूर की मौत

## चनकापुर रीजनल वर्कशॉप में हादसा सुरक्षा उपकरणों की घोर अनदेखी

**खापरखेड़ा.** वेकोलि (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) की सिल्लेवाडा सब एरिया अंतर्गत चनकापुर रीजनल वर्कशॉप में मंगलवार को एक भीषण हादसे में ठेकेदारी मजदूर फहीम खान (23, निवासी नागपुर) की 60 फीट ऊँचाई से गिरकर मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह पुरानी सीमेंट शीट हटाकर नई जीआई शीट लगाने का कार्य कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्य वेकोलि द्वारा एम.एल. बजाज कंपनी को सौंपा गया था, जिसने आगे एक पेटी कॉन्ट्रैक्टर को ठेका दिया था। फ़हीम को काम के दौरान कोई भी सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट आदि नहीं दिये गए थे। संतुलन बिगड़ने पर वह ऊँचाई से नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में फ़हीम को वलनी स्थित वेकोलि अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उसे तुरंत नागपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।




**हादसे को छिपाने की कोशिश**

घटना के बाद वर्कशॉप परिसर में कुछ कर्मचारियों द्वारा हादसे को छिपाने और सबूत मिटाने के प्रयास किए गए। घटनास्थल पर पड़े खून को पोंछा गया और पानी डालकर सबूत मिटाए गए। मामले की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व पंचायत समिति सभापति राहुल तिवारी मौके पर पहुंचे और फेसबुक लाइव के माध्यम से पूरी घटना का खुलासा किया। इसके बाद वेकोलि प्रबंधन ने जांच प्रक्रिया शुरू की।

**पुलिस को देरी से सूचना, वेकोलि को फटकार :** घटना खापरखेड़ा पुलिस थाने की सीमा में होने के बावजूद पुलिस को समय पर सूचना नहीं दी गई। मेयो अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आई। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक हरीश रुमकर ने मौके पर पहुंचकर वेकोलि अधिकारियों को फटकार लगाई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। खापरखेड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**सवालों के घेरे में ठेकेदारी व्यवस्था :** इस दुर्घटना ने ठेकेदारी पद्धति, औद्योगिक सुरक्षा मानकों की अनदेखी और वेकोलि प्रशासन की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। मज़दूर संगठनों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और सभी ठेके कार्यों में सुरक्षा उपकरण अनिवार्य किए जाने की मांग की है।

# श्री कलगीधर सत्संग मंडल ने गुरु नानकदेवजी का ज्योति-ज्योत गुरुपरब दिवस मनाया

**नागपुर.**

जरीपटका स्थित श्री कलगीधर सत्संग मंडल द्वारा गुरु नानक देव के ज्योति-ज्योत गुरूपुरब दिवस के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्संग मंडल के मार्गदर्शक दादा अधिवक्ता माधवदास ममतानी (वकील साहिब) ने प्रेरणादायक प्रवचन दिये। दादा ममतानी ने गुरु नानक देव जी के ज्योति-ज्योत दिवस के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए बताया कि गुरुजी को सप्तमी



के दिन इस लोक से विदा लेने का पूर्वाभास हुआ था। अष्टमी को उन्होंने अपने पिताजी कालूराय के श्राद्ध हेतु संगत को लंगर खिलाया और परमात्मा के नाम का सिमरन किया। दसमी को वे ध्यानावस्था में अंतरध्यान हो गए। शिष्यों को कक्ष में केवल उनके वस्त्र मिले क्योंकि गुरुजी सशरीर सचखंड को प्रस्थान कर चुके थे, जैसा कि भगत कबीर जी के साथ भी घटित हुआ था। दादा ममतानी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब में वर्णित उक्तियों का संदर्भ देते हुए कहा कि "नानक अगै सो मिलै जि खटे घाले देइ", अर्थात केवल वही अन्न-पान पितरों को प्राप्त होता है जो ईमानदारी और सच्चे व्यवहार से अर्जित किया गया हो। उन्होंने भगत कबीर जी की बाणी का उदाहरण देते हुए बताया कि "जीवंत पितर न माने कोऊ, मूए सिराध कराही" – जो संतान अपने माता-पिता को जीवित रहते सम्मान नहीं देती, वह मरणोपरांत किया गया श्राद्ध व्यर्थ होता है।

दादा ममतानी ने सभी श्रद्धालुओं को आह्वान किया कि वे जीवित बुजुर्गों की सेवा करें, उनकी आज्ञा का पालन करें, जिससे सच्चे अर्थों में उनका आशीर्वाद प्राप्त हो सके और श्राद्ध भी सार्थक बने। कार्यक्रम का शुभारंभ पांच जपुजी साहिब पाठ के साथ हुआ, इसके बाद रागियों द्वारा सुखमनी साहिब पाठ को एक ही लय और सुरताल में प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को सीरा-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

# एमआईडीसी में ओयो के होटल में शुरू था जिस्मफरोशी का धंधा

## पुलिस ने किया भंडाफोड़, होटल से दो युवतियों को छुड़ाया; 6.33 लाख का माल बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

शहर क्राइम ब्रांच की सामाजिक सुरक्षा विभाग की एक टीम ने 'ऑपरेशन शक्ति' के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एमआईडीसी इलाके के एक ओयो होटल से दो युवतियों को देह व्यापार के चंगुल से मुक्त कराया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और 6.33 लाख रुपये से अधिक मूल्य का नगदी व अन्य सामान बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को वासुदेव नगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित ओयो अर्बन रिट्रीट होटल में चल रहे अवैध धंधे की भनक लगी थी। एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने एक बोगस ग्राहक बनाकर होटल पर छापा मारा। छापे के दौरान 2500 रुपये में एक युवती से देह व्यापार करने का सौदा करने वाले आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार किये गए आरोपियों में होटल की मैनेजर जयश्री संतोष सोळंकी (38), दलाल सलमान उर्फ रोशन राजेश डोंगरे (36) और ड्राइवर अक्षय रोशन रामटेके (32) शामिल हैं। मुख्य आरोपी रजत राजेश डोंगरे अभी भी फरार है। पुलिस के मुताबिक, रजत और सलमान लंबे समय से शहर में इस अवैध धंधे को चला रहे थे और उन पर पहले भी इसी तरह के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवतियों को अच्छी कमाई का झांसा देकर होटल में लाते थे और उनसे जबरन देह व्यापार करवाते थे। छापे के दौरान 6,33,010 रुपये की नकदी, एक कार, तीन मोबाइल फोन और एक डीवीआर सहित अन्य सामान बरामद किया गया। बरामद दोनों युवतियों में से एक नागपुर की रहने वाली है जबकि दूसरी को कुछ दिन पहले ही पश्चिम बंगाल से इस धंधे के लिए लाया गया था। दोनों को सुरक्षित बचा लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी निवारण अधिनियम और अनैतिक तस्करी (निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एमआईडीसी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। होटल चलाने वाली महिला की भूमिका की भी जांच की जा रही है, हालांकि अभी उसे आरोपी नहीं बनाया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।







CMYK

# छाता लगाकर बस यात्रा; परिवहन निगम की लापरवाही पर यात्रियों का आक्रोश

**कोंढाली.**

अमरावती–नागपुर मार्ग पर सोमवार, 16 सितंबर को महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एस.टी.) की बदहाल व्यवस्था का अनोखा नजारा देखने को मिला।

बडनेरा आगार की बस में खिड़कियाँ न होने से मूसलधार बारिश का पानी सीधे यात्रियों पर गिरता रहा। स्थिति ऐसी बनी कि एक यात्री को मजबूरी में बस के भीतर ही छाता खोलकर सफर करना पड़ा।

**यात्रियों का गुस्सा फूटा :** यात्रियों का कहना है कि परिवहन निगम टिकट दरें तो लगातार बढ़ा देता है, लेकिन बसों की देखभाल पर कोई ध्यान नहीं देता। “अगर हमें बारिश में छाता लगाकर यात्रा करनी पड़े, तो यह एस.टी. सेवा की बदहाली का जीता–जागता उदाहरण है।”



**जर्जर हो चुकी बसें :** ग्रामीण और शहरी जनता के प्रमुख साधन मानी जाने वाली एस.टी. बसों की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है।

बारिश के मौसम में छत टपकना, खिड़कियाँ टूटी होना और सीटें खराब मिलना आम बात हो गई है। वहीं चालक–परिचालकों पर बढ़ता कार्यभार और समयपालन की अनियमितता ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

**प्रशासन और सरकार पर सवाल :** यात्रियों का आरोप है कि घाटे का बहाना बनाकर परिवहन विभाग आम नागरिकों की समस्याओं की अनदेखी करता है।

इस घटना के बाद उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बसों की तुरंत मरम्मत कर यात्रा को सुरक्षित और सुखद नहीं बनाया गया, तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

# समाज सुधारक गाड़गे बाबा को भारत रत्न देने की मांग

**चिखलदरा / कामठी.**

महान संत और समाज सुधारक गाड़गेबाबा को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग जोर पकड़ रही है। इसी क्रम में, तेजस बहुउद्देशीय संस्था ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन चिखलदरा के तहसीलदार को सौंपा है।

यह मुहिम 13 मार्च 2025 को तेजस संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार के नेतृत्व में शुरू हुई थी। इसका उद्देश्य सरकार और प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री तक यह मांग पहुंचाना है कि गाडगेबाबा को उनकी निस्वार्थ सेवा और समाज में किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जाए। अरगुलेवार, जो महाराष्ट्र के चिखलदरा में आदिवासी युवाओं को पुलिस भर्ती का प्रशिक्षण दे रहे हैं, इस मुहिम में भी सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। उनके साथ, मेळघाट योद्धा विद्रोही विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष सचिन गोरले भी मौजूद थे।



ज्ञापन सौंपने के बाद, चंद्रशेखर अरगुलेवार ने तहसीलदार जीवन मोरणकर से अनुरोध किया कि वे प्रधानमंत्री को भेजे जाने वाले पत्र की एक प्रति तेजस संस्था को भी उपलब्ध कराएं। यह कदम गाडगेबाबा के सम्मान में चलाए जा रहे इस अभियान को आगे बढ़ाने का एक हिस्सा है। गाडगेबाबा ने अपना पूरा जीवन शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया था। उन्हें भारत रत्न देने की मांग को लेकर यह अभियान अब गति पकड़ रहा है।

# महाराष्ट्र विद्यालय खापरखेड़ा के पहलवानों का कुश्ती में शानदार प्रदर्शन

**खापरखेडा.**

स्थानीय बाबुलखेड़ा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित सावनेर तालुकास्तरीय शालेय कुश्ती स्पर्धा में महाराष्ट्र विद्यालय खापरखेड़ा के पहलवानों ने फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन दोनों ही प्रकार की कुश्ती में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



17 वर्ष आयु वर्ग (फ्रीस्टाइल) में 45 किलो वजन वर्ग में आदित्य रेवतकर और 71 किलो वजन वर्ग में अभय बंदेवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, 19 वर्ष आयु वर्ग (फ्रीस्टाइल) में 57 किलो वजन वर्ग में प्रांजल बर्वे और 70 किलो वजन वर्ग में कुशल आवळे ने अपनी श्रेष्ठता दिखाई। 19 वर्ष आयु वर्ग (ग्रीको-रोमन) में 60 किलो वजन वर्ग में प्रशांत भुरे और 130 किलो वजन वर्ग में निरंजन बिंझाडे ने प्रथम स्थान हासिल किया।



इन विजयी पहलवानों ने अपने-अपने वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर कामठी में आयोजित होने वाली शालेय नागपुर जिलास्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सावनेर तालुका का प्रतिनिधित्व करने का गौरव अर्जित किया।

संस्था के अध्यक्ष पूर्व मंत्री सुनीलबाबू केदार, सचिव सुहासतााई केदार, विद्यालय के मुख्याध्यापक अरुण वडस्कर, उपमुख्याध्यापक चंद्रशेखर लिखार, क्रीड़ा शिक्षक धर्मेंद्र सूर्यवंशी, धैर्यशील सुटे तथा विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी विजयी पहलवानों का हृदयपूर्वक अभिनंदन किया।

# लायंस क्लब कामठी सेंट्रल ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**कामठी.**

लायंस क्लब कामठी सेंट्रल ने हाल ही में शिक्षा और छात्र विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर किंडरगार्टन से लेकर पोस्ट-ग्रेजुएशन तक के प्रत्येक स्तर से एक-एक शिक्षक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3234एच1 के जोन चेयरपर्सन, लायन विनय उदेशी थे। इस सम्मान समारोह में रीजनल चेयरपर्सन, एमजेएफ लायन आशीष वांजारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया उनमें सेंट जोसेफ कॉन्वेंट प्राइमरी स्कूल की सेवानिवृत्त शिक्षिका मिस ग्रेटा क्रिस्टीना बरनाबास, कैंटोनमेंट बोर्ड उच्च प्राथमिक विद्यालय की मनीषा बाजपेयी, डीपीएस स्कूल के उप-प्रधानाचार्य डॉ. बृज भूषण उपाध्याय, एस.के. पोरवाल जूनियर कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल, एस.के.पोरवाल डिग्री कॉलेज की उप-प्रधानाचार्या डॉ. रेनू तिवारी और आरटीएमएनयू के कंप्यूटर साइंस विभाग की सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष डॉ. आभा खंडेलवाल शामिल हैं। क्लब की अध्यक्षा, लायन प्रवीण हांडा ने क्लब के उन सदस्यों को भी सम्मानित किया जो शिक्षक हैं। इनमें लायन कुंती पांडे, संजीव अग्रवाल, कामिनी वाही, विजया हांडा, अभय खोपे, अंजलि खोपे, विलास कार्लेकर, ललिता कार्लेकर, सुषमा ओझा और रेखा पेटारे शामिल हैं।




कामठी की सबसे वरिष्ठ शिक्षिका अनुराधा वहाल को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। क्लब के उपाध्यक्ष, लायन सुरिंदर भुटानी ने आगामी सेवा सप्ताह की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कोषाध्यक्ष, लायन प्रेमेंद्र वाही ने कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट पढ़ी। लायन अजय अग्रवाल और लायन राजा जोहर ने मंच संचालन किया। लायन आशा खंडेलवाल और लायन कामिनी वाही ने अतिथि शिक्षकों का परिचय दिया, जबकि लायन सुषमा ओझा ने ध्वज वंदन प्रस्तुत किया। सचिव, लायन अजय श्रीवास्तव ने गतिविधियों की रिपोर्ट पढ़ी और धन्यवाद प्रस्ताव दिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए लायंस क्लब कामठी सेंट्रल के सभी सदस्यों ने कड़ी मेहनत की। वे सभी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# पोरवाल कॉलेज में रोजगार अवसर शिविर का आयोजन

**कामठी.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के प्लेसमेंट सेल और हेक्सवेअर कंपनी के तत्वावधान से रोजगार अवसर शिविर का आयोजन किया गया।



प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. तुषार चौधरी ने शिविर का उद्देश्य स्पष्ट करके विद्यार्थियों को लिखित एवं मौखिक परीक्षा देने के तरीके बताकर रोजगार अवसर शिविर का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. स्वप्निल दाहात ने की, उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह देते हुए रोजगार अवसर शिविर का लाभ उठाकर हेक्सवेयर जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी पाने के लिए प्रेरित किया।

हेक्सवेअर के रोजगार प्रबंधक ने मौखिक परीक्षा के आधार पर 53 विद्यार्थियों का मूल्यांकन करके पोरवाल महाविद्यालय के आठ विद्यार्थीयो का द्वितीय स्टेज के लिये चयन किया। शिक्षा प्रसारण मंडल की कार्यकारी समिति और प्राचार्य ने पोरवाल कॉलेज के सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। शिविर में उप-प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती, डॉ. रेणु तिवारी और प्रबंधक स्वप्निल राठौड़ उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफलतार्थ प्लेसमेंट सेल के सदस्य डॉ. सिद्धार्थ मेश्राम, डॉ. विनोद शेंडे, डॉ. किशोर ढोले, डॉ. आशा रामटेके और प्रा. सूरज कोम्बे ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए।


# सावनेर में ट्रक चालक की संदिग्ध मौत



**सावनेर.**

तहसील के खुराजगांव शिवार क्षेत्र में आज सुबह एक ट्रक चालक मृत अवस्था में मिला। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे स्थानीय लोगों ने सावनेर–छिंदवाड़ा हाईवे पर खड़े ट्रक को देखा। जब चालक की तलाश की गई, तो सड़क किनारे झाड़ियों में एक व्यक्ति पड़ा मिला।

सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता हितेश बंसोड़ (हितज्योति आधार फाउंडेशन) ने तुरंत केलवद थानेदार अनिल राउत को खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति की पहचान धर्मेंद्र फूलसिंह पटेल (उम्र 42 वर्ष), निवासी बदौना जिला सागर (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई।



धर्मेंद्र को सावनेर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सामने आएगा।

# शिवकुमार हरडे को ज्ञान गौरव पुरस्कार

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा के एस.के. कम्प्यूटर क्लासेस को देशभर में प्रतिष्ठा दिलाने वाला गौरवमयी क्षण 14 सितम्बर को सामने आया, जब संस्थान के संचालक एवं प्राचार्य शिवकुमार संतोष हरडे को “ज्ञान गौरव” पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान ऑल इंडिया काउंसिल फॉर प्रोफेशनल एक्सीलेंस द्वारा हर वर्ष प्रदान किए जाने वाले इंडिया एजुकेशन अवार्ड–2025 के अंतर्गत नागपुर के नैवेद्यम होटल में आयोजित भव्य समारोह में दिया गया।




सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व मिस इंडिया सायली भगत ने शिवकुमार हरडे को शाल, श्रीफल एवं सम्मानचिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कविता ताओरी तथा संचालक शरद ताओरी भी उपस्थित रहे। एस.के. कम्प्यूटर क्लासेस ने बीते वर्षों में न केवल गुणवत्तापूर्ण कम्प्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराई है, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और बेहतर जीवन की दिशा देने का प्रयास भी किया है। इसी योगदान के चलते खापरखेड़ा का नाम अब नागपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में गूँज रहा है।

ऑल इंडिया काउंसिल फॉर प्रोफेशनल एक्सीलेंस देशभर में 3500 से अधिक कम्प्यूटर केन्द्रों के माध्यम से कार्यरत है और हर वर्ष उत्कृष्ट संस्थानों को इंडिया एजुकेशन अवार्ड प्रदान करती है। खापरखेड़ा के एस.के. कम्प्यूटर क्लासेस को मिला यह पुरस्कार पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

इस उपलब्धि पर स्थानीय संगठन, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित ग्रामवासियों ने शिवकुमार हरडे को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## ईसापुर में लाइनमैन की नियुक्ति की मांग तेज

खापरखेड़ा. खापरखेड़ा उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ईसापुर गांव में लाइनमैन का पद लंबे समय से रिक्त होने से बिजली आपूर्ति की समस्या गहराती जा रही है। पहले यहां एक लाइनमैन और एक सहायक कार्यरत थे, लेकिन कुछ दिनों पहले लाइनमैन सेवानिवृत्त हो गए तथा सहायक का तबादला हो गया। इसके बाद से गांव में बिजली की देखरेख और मरम्मत के लिए कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं है। बरसात का मौसम शुरू होते ही स्थिति और भी गंभीर हो गई है। अक्सर बिजली गुल रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं को खाना बनाने में दिक्कतें आ रही हैं तो वहीं छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। किसानों का खेती का काम ठप पड़ने से वे बेहद चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महावितरण हर साल बरसात से पहले खंभों की मरम्मत, तार बदलने और पेड़ों की कटाई करता है, लेकिन बरसात के दौरान बिजली जाने पर अधिकारियों से संपर्क करना मुश्किल हो जाता है।

# डॉ. दाते दंपत्ति को मिला आयुष महासम्मान पुरस्कार




**सावनेर.**

सावनेर के प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राहुल दाते और उनकी पत्नी, आयुर्वेदाचार्य एवं पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. वैशाली राहुल दाते को आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन की ओर से वर्ष 2025 का आयुष महासम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें रविवार, 14 सितंबर को मुंबई स्थित एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सिने अभिनेत्री श्रेया बुगडे, विधायक श्वेताताई महाले, यूनाइटेड नेशन चाइल्ड एंड वुमन की सलाहकार डॉ. मंगला कोहली, भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के सहायक निदेशक डॉ. एम. गणेश, एआईएमए राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. प्रणव पांड्या तथा डॉ. प्रवीण जोशी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बाबुराव कानडे, वाइस चेयरमैन डॉ. नितिन राजे पाटिल और पदाधिकारी डॉ. दिशा चव्हाण सहित देशभर से आए सैकड़ों आयुष डॉक्टर और थेरेपिस्ट भी शामिल हुए।

यह सम्मान डॉ. दाते दंपत्ति को आयुष चिकित्सा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय और बहुमूल्य योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

## खापरखेड़ा टीम के मैनेजर पद पर पुरुषोत्तम मानकर का चयन



**खापरखेड़ा.** महानिर्मिति कंपनी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भुसावल औष्णिक विद्युत केंद्र में बाह्यगृह खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को लेकर हाल ही में सौदामिनी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अभियंता ने की। इस अवसर पर कंपनी के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक के दौरान खापरखेडा औष्णिक विद्युत केंद्र टीम के प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी क्रम में टीम के मैनेजर पद पर पुरुषोत्तम मानकर का सर्वसम्मति से चयन किया गया। उनकी घोषणा होते ही उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और पदाधिकारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।मानकर ने अब तक सामाजिक और संगठनात्मक क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, उसी के उचित सम्मानस्वरूप उनका यह चयन माना जा रहा है। उनके अनुभव और नेतृत्व से प्रतियोगिता के दौरान खापरखेडा टीम के खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलेगा, ऐसा विश्वास व्यक्त किया गया।मानकर के चयन पर संगठन की ओर से हार्दिक बधाई दी गई है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# रामटेक में बनेगी भव्य फिल्म सिटी, विकास और विरासत दोनों सुरक्षित

**रामटेक.**

विदर्भ में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए भव्य चित्रनगरी (फिल्म सिटी) का निर्माण किया जाएगा।

अगले 15 दिनों में इसके लिए 60 एकड़ भूमि हस्तांतरित की जाएगी और निर्माण हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट की नियुक्ति की जाएगी, यह जानकारी सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार ने दी। उन्होंने रामटेक के नवरगांव में प्रस्तावित चित्रनगरी की भूमि का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री शेलार ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में यह चित्रनगरी विदर्भ के स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी।





इसके साथ ही रामटेक गढ़ मंदिर परिसर में स्वच्छता गृह, दुकानें और वाहन पार्किंग जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिसके लिए राज्य पुरातत्व विभाग 10 दिनों में अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करेगा। जिला वार्षिक योजना निधि का 3% हिस्सा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्मारकों के संरक्षण के लिए उपयोग किया जाएगा और कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। रामटेक गढ़ मंदिर के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के तहत 23 कार्य "रामटेक मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर" योजना के अंतर्गत किए जाएंगे और मंत्रालय स्तर पर "हेरिटेज कॉरिडोर डेस्क" स्थापित किया जाएगा। मनसर क्षेत्र में 156 एकड़ में फैले प्राचीन स्मारकों के संरक्षण के लिए 'प्राचीन विरासत स्थल – मनसर' परियोजना को गति दी जाएगी।

इसके अलावा, हर वर्ष 22 जनवरी को आयोजित होने वाले 'श्रीराम सांस्कृतिक महोत्सव' को अगले 15 दिनों में आर्थिक और प्रशासनिक मंजूरी दी जाएगी। वित्त राज्यमंत्री एड. आशीष जयसवाल ने बताया कि चित्रनगरी निर्माण और क्षेत्र के 34 संरक्षित स्मारक तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के 5 स्मारकों के संरक्षण से रामटेक का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव सुरक्षित रहेगा और विदर्भ के कलाकारों व स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इन सभी निर्णयों से यह स्पष्ट है कि रामटेक न केवल एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित होगा, बल्कि इसका ऐतिहासिक गौरव भी संरक्षित रहेगा।

# आर.के.एस. पब्लिक स्कूल ने मनाया हिंदी दिवस

**नागपुर.**

कमलादेवी रिख्यानी बहुउद्देशीय संस्था नागपुर द्वारा संचालित आर.के. एस. पब्लिक स्कूल (सीबीएसई) में हिंदी दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर संस्था की सचिव, उषा खियानी, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं।



उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल की प्रिंसिपल, कीर्ति सोनी, ने सभी विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी पहचान है और हमें इस पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों, दीपक सोलंकी और रोशनी काले, के मार्गदर्शन में बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इनमें आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ और प्रेरणादायक भाषण शामिल थे।

पूरे कार्यक्रम का संचालन रविंद्र सिंह ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि अंत में श्यामवती शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया और आभार व्यक्त किया। यह आयोजन हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और प्रेम को बढ़ावा देने का एक शानदार प्रयास था।

# हज़रत बाबा सैयद साहब का उर्स महोत्सव 14 से 20 सितंबर तक







नागपुर में हज़रत बाबा सैयद साहब का पवित्र उर्स महोत्सव 14 से 20 सितंबर 2025 तक राजा बाग सवार, वंजारी नगर मेडिकल कॉलेज के पीछे स्थित दरगाह पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत परचम कुशाई से हुई, जिसमें सैय्यद बाबा पंच कमेटी के अध्यक्ष जनाब सिराज शेख ने अध्यक्षता की। रविवार दोपहर संदल शरीफ का गश्त वंजारी नगर दरगाह तक हुआ। हर दिन नमाजे जोहर के बाद कुरआन ख्वानी और नमाजे इशा के बाद मीलाद शरीफ का आयोजन होगा। 20 सितंबर शनिवार सुबह कुल शरीफ की फातेहा के साथ लंगर वितरण किया जाएगा। रोजाना शाम 7 बजे महफिले कव्वाली का भी आयोजन होगा। उर्स आयोजन हज़रत सैय्यद साहब राजाबाग सवार दरगाह पंच कमेटी द्वारा किया जा रहा है।

# वक़्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश में अंकुश लगाया

## जमाअत ए इस्लामी हिंद ने किया स्वागत

**नई दिल्ली.**

सुप्रीम कोर्ट के वक़्फ़ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर दिए गए अंतरिम आदेश को जमाअत ए इस्लामी हिंद (जेआईएच) के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह आदेश अधिनियम की संवैधानिक खामियों को उजागर करता है और सरकार के कुछ मनमाने प्रावधानों पर अंकुश लगाता है। सैयद सआदतुल्लाह ने विशेष रूप से अधिनियम में 'पांच वर्ष के व्यवहारिक मुसलमान' की अव्यावहारिक शर्त के निलंबन और वक़्फ संपत्तियों में कार्यकारी हस्तक्षेप के विरुद्ध अंतरिम संरक्षण की सराहना की। उन्होंने कहा, "न्यायालय ने कलेक्टरों और नामित अधिकारियों को न्यायिक निर्णय से पहले ही वक़्फ संपत्तियों को सरकारी भूमि मानने के लिए दी गई व्यापक शक्तियों को रद्द कर दिया है, जो कार्यपालिका को न्यायपालिका की शक्तियाँ देने जैसा था और संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन है।" उन्होंने अधिनियम के उस प्रावधान की भी निंदा की जिसमें वक़्फ संपत्तियां करने के लिए व्यक्ति को पांच वर्ष तक इस्लामी रीति-रिवाज़ों का प्रमाण दिखाना होता है। सआदतुल्लाह ने कहा, "यह भेदभावपूर्ण और अव्यावहारिक प्रावधान है, जिसका न्यायालय ने अंतरिम आदेश में संज्ञान लिया है।" सुप्रीम कोर्ट ने विवादों के दौरान अधिकारियों को राजस्व रिकॉर्ड में मनमाने बदलाव करने से रोक लगाई है, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के वक़्फ़ निधियों के संवैधानिक अधिकार की रक्षा होगी। इसके बावजूद, जेआईएच ने कहा कि वक़्फ़ बाय



यूज़र्स को समाप्त करने और पंजीकरण की अव्यावहारिक समय-सीमा जैसे गंभीर मुद्दे अभी भी बने हुए हैं।

**जेआईएच ने गैर-मुस्लिम सदस्यों पर प्रतिबंध को भेदभावपूर्ण बताया :** सैयद सआदतुल्लाह ने गैर-मुस्लिम सदस्यों की वक़्फ बोर्डों और केंद्रीय वक़्फ परिषद में सदस्यता पर न्यायालय के प्रतिबंध की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम बहुमत सुनिश्चित करना आवश्यक है, लेकिन गैर-मुस्लिम सदस्यता को इस आधार पर रोकना भेदभावपूर्ण है और अन्य धार्मिक संस्थाओं पर लागू नहीं होता।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक अंतरिम आदेश है और जेआईएच अंतिम सुनवाई तक कानूनी और लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि संवैधानिक सिद्धांतों और समुदाय की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए इस अधिनियम को तत्काल वापस लिया जाए। यह जानकारी जेआईएच मीडिया सचिव डॉ. एम ए रशीद ने दी।

# धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस की तैयारियों पर उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक



**नागपुर.**

धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। हाल ही में, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें विधायक डॉ. नितिन राऊत, पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखाताई कुंभारे, जिलाधिकारी डॉ.विपिन इटनकर, पुलिस आयुक्त रविंद सिंगल और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दीक्षाभूमि और ड्रैगन पैलेस में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक नागरिक सुविधाओं को सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पीने के पानी, स्वच्छता और चिकित्सा सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

पालक मंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस वर्ष, नागपुर प्रशासन धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस को सुचारू और सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# भंडारा में परियोजना प्रभावितों को प्रमाणपत्र जारी करने शिविर

**भंडारा.** सरकार द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज स्व मिशन के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक "सेवा पंढरवाड़ा" मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में भंडारा जिले में आम जनता को राहत देने और राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी व जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। माननीय जिला कलेक्टर भंडारा के निर्देशानुसार, तहसीलदार भंडारा द्वारा परियोजना प्रभावित नागरिकों के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में पात्र नागरिकों को परियोजना प्रभावित प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

शिविर में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही ग्राम राजस्व अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, पुनर्वास विभाग के अधिकारी और अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहकर आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन देंगे। इस संबंध में 12 सितंबर को तहसील कार्यालय भंडारा में हुई बैठक में श्रीमती लीना फाल्के, उप कलेक्टर (पुनर्वास), भंडारा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परियोजना प्रभावित प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची ग्राम तलाठी और ग्राम पंचायत कार्यालयों में उपलब्ध करा दी गई है। तालुका प्रशासन ने सभी पात्र प्रभावित नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक कागजातों के साथ निर्धारित शिविर में उपस्थित होकर इस योजना का लाभ उठाएँ। तहसील प्रशासन ने बताया कि 29 सितंबर 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चार ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे,

1. **ग्राम पंचायत खैरी पुनर्वास :** पिपरी, खैरी, सालेबर्डी, संगम और पिंडकेपार के परियोजना प्रभावितों हेतु।
2. **ग्राम पंचायत सुरेवाड़ा पुनर्वास :** सुरेवाड़ा, बेरोडी और कर्चखेड़ा के प्रभावितों हेतु।
3. **ग्राम पंचायत अर्जुनी/गिरोला पुनर्वास :** अर्जुनी, जख, खोलापुर, सिरसाघाट, टाकली, टेकेपार, बोरगाँव बु. और मकरधोकड़ा के प्रभावितों हेतु
4. **ग्राम पंचायत मौदी पुनर्वास :** मौदी, ईटगाँव, जामगाँव और वड्ड के प्रभावितों हेतु।

# महावितरण का आवश्यक कार्यों के लिए शटडाउन

## > नागरिकों से सहयोग की अपील

**नागपुर.**

नागपुर शहर में निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, महावितरण द्वारा नियमित रखरखाव और मरम्मत के काम के लिए बुधवार, 17 सितंबर को शहर के कुछ हिस्सों में बिजली की आपूर्ति कुछ समय के लिए बंद रहेगी। इन आवश्यक कार्यों में नए ट्रांसफार्मर लगाना, पुरानी लाइनों की मरम्मत करना और उच्च दाब वाली लाइनों को स्थानांतरित करना शामिल है। महावितरण ने ग्राहकों से इस काम में सहयोग करने की अपील की है ताकि उन्हें भविष्य में बिना किसी बाधा के सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति मिल सके।

**प्रभावित क्षेत्र और समय**

**कांग्रेस नगर विभाग**- सुबह 8 बजे से 11 बजे तक निंबा, चिकना, धामणा, खरसोली, पिलकेपार, सालई, गोधनी, कालडोंगरी, नवेगांव, मानव मंदिर, गुरुकृपा नगर, धांडे लेआउट, वसंतनगर, लक्ष्मीनगर, और विश्वविद्यालय परिसर। सुबह 8 बजे से 12 बजे तक जगन्नाथ नगर, लोकमान्य सोसायटी, जयंती नगरी-6, पद्मावती नगर, राजेश्वरी पार्क, मेश्राम लेआउट, मनोहर सोसायटी, जयराम कॉलोनी, धोबी नगर, चिंतामणी 2 और 3, और शांति हाइट्स। सुबह 8:30 बजे से 12:30 बजे तक टेलिकॉम नगर, स्वावलंबी नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी, रविंद्र नगर, गावंडे लेआउट, पायनियर सोसायटी, स्वरूप नगर, तात्या टोपे नगर, अत्रे लेआउट, धनगरपुरा, और ग्राहक सुविधा केंद्र। सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक:* प्रताप नगर पुलिस स्टेशन, एनआईटी लेआउट, त्रिमूर्ति नगर, प्रियदर्शिनी नगर, भुजबल लेआउट, आदर्श कॉलोनी, गेडाम लेआउट, भामटी वस्ती, और गुडधे लेआउट।

**महाल विभाग**- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक शीतला माता मंदिर, बापू नगर, मिरे लेआउट, प्रशांत नगर, नंदनवन रोड, नंदनवन कॉलोनी, कबीर नगर, गुरुदेव नगर, कीर्ति नगर, सर्वश्री नगर, नवनाथ आईटीआई, प्रगति कॉलोनी, गौसिया, और कंट्रोल। सुबह 9 बजे से 12 बजे तक मानापुर चौक, नवाबपुरा, लाकडी पूल, और अयाचित मंदिर।

**गांधीबाग विभाग**- सुबह 8 बजे से 11:30 बजे तक भवानी नगर, रेणुका नगर, गुरुदेव पानठेला, गंगाबाग, और गौरी नगर। सुबह 9 बजे से 10 बजे तक होलसेल मार्केट, नंगा पुतला, और तहसील।

**सिविल लाइन्स विभाग**

सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यशोधरा नगर, टीपू सुल्तान चौक, और शिवाजी चौक।

सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वांजरा औद्योगिक परिसर।

सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पावर ग्रिड और रमाई नगर।

सुबह 8 बजे से 11 बजे तक राज नगर, विजय नगर, दुर्गा माता चौक, रिलायंस पेट्रोल पंप, स्टेट बैंक कॉलोनी, छावनी, गोवा कॉलोनी, और न्यू कॉलोनी।

सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आकार नगर, स्वामी कॉलोनी फेज 1 और 2, जगदीश नगर, रक्षा कॉलोनी, वीर चक्र कॉलोनी, प्रेरणा नगर, और गंगानगर।

**बुटीबोरी विभाग :** सुबह 8 बजे से 11 बजे तक कन्नापुरम, ढाबा परिसर, और भिवसेनखोरी।

सुबह 10 बजे से एमआईडीसी औद्योगिक परिसर में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी।

# हैदराबाद गैजेट के तहत दिया जाए एसटी कैटेगरी का आरक्षण

## > दिग्रस में बंजारा समाज का भव्य मोर्चा

**दिग्रस.**



महाराष्ट्र सरकार द्वारा मराठा समाज को हैदराबाद गैजेट के तहत आरक्षण देने के निर्णय के बाद, अब बंजारा समाज ने भी इसी आधार पर अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में आरक्षण की मांग उठाई है। इस मांग को लेकर बंजारा आरक्षण कृती समिति, दिग्रस के नेतृत्व में एक भव्य मोर्चा निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओं, विशेषकर महिलाओं ने भाग लिया। मोर्चा स्वर्गीय वसंतराव नाईक की प्रतिमा से आरंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ तहसील कार्यालय तक पंहुचा। वहां तहसीलदार के माध्यम से राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपा गया। मोर्चे में शामिल लोगों ने 'एक बंजारा, लाख बंजारा' जैसे नारे लगाकर समाज की एकजुटता और अधिकारों के लिए लड़ने के संकल्प को प्रकट किया। मोर्चे का नेतृत्व कर रहे स्थानीय नेता बाबू सिंह जाधव ने कहा, 'हमें किसी अन्य जनजाति के आरक्षण में से हिस्सा नहीं चाहिए। हम सिर्फ अपना हक मांग रहे हैं। बंजारा समाज को हैदराबाद गैजेट के अंतर्गत उसका उचित आरक्षण तत्काल दिया जाए।' बंजारा समाज ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी यह मांग सामाजिक न्याय और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के आधार पर है, न कि किसी और समुदाय के अधिकारों को छीनने की मंशा से। इस मोर्चे ने एक बार फिर राज्य सरकार के सामने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हैदराबाद गैजेट का लाभ अन्य परंपरागत जनजातियों को भी समान रूप से मिलेगा? समाज ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# यश तुमाने ले गए 'यशिव गरबा' को दुबई, करेंगे अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति



**नागपुर.** सात साल के सफल करियर के बाद, नागपुर के प्रसिद्ध गरबा प्रशिक्षण यश तुमाने अपने लोकप्रिय 'यशिव गरबा' को अब दुबई में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने जा रहे हैं। 19 और 20 सितंबर को दुबई के प्रमुख डांस स्पेस में गरबा कार्यशालाओं का आयोजन होगा। यश तुमाने का उद्देश्य इस पारंपरिक गुजराती लोक नृत्य को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि उनकी आसान तकनीक से गरबा नृत्य सभी उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ बन गया है। यह प्रयास गरबा को एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में दुनिया भर में स्थापित करने का है।

# भंडारा में पालकमंत्री जनता दरबार में 115 आवेदन; 99 का तुरंत निपटारा

**भंडारा.** जिले के पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर की पहल पर शुरू किया गया पालकमंत्री जनता दरबार लगातार जनसाधारण की समस्याओं का समाधान कर रहा है। 15 सितंबर को आयोजित दूसरे जनता दरबार में जिलेभर से कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 99 आवेदनों का तुरंत निपटारा कर दिया गया, जबकि 16 आवेदन लंबित हैं। लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजा गया है और उन पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश पालकमंत्री ने दिए हैं। तुमसर से 22, लाखनी से 12, साकोली से 13, मोहाडी से 11, पवनी से 23, भंडारा से 23 और लाखंदूर से 11 आवेदन प्राप्त हुए। इस अदालत में अधिकांश शिकायतों का तुरंत समाधान किया गया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 578-0 | 226-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 557-7 | 450-9 |

# श्रीमद्भागवत कथा का आठवां दिन

## गजेंद्र मोक्ष, श्रीराम जन्म और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का भावपूर्ण वर्णन

**हिंगनघाट.**



स्थानीय नगर में चल रहे 14 दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ महोत्सव का आठवां दिवस भक्ति और अध्यात्म से ओतप्रोत रहा। मथुरा से पधारे पूज्य संत श्री गोविंदजी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का दिव्य रसपान कराया। यह भव्य आयोजन आगामी 20 सितंबर 2025 तक चलेगा।

अष्टम दिवस की कथा में गोविंद महाराज ने गजेंद्र मोक्ष प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब भक्त सच्चे मन से भगवान को पुकारता है, तब भगवान उसकी रक्षा के लिए तुरंत प्रकट होते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अंबरीष चरित, वामनदेव भगवान के प्राकट्य तथा समुद्र मंथन की कथा का भी मार्मिक वर्णन किया।

कथा का वातावरण तब और भी भावविभोर हो उठा जब महाराज ने प्रभु श्रीराम के जन्म और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की लीलाओं का विस्तृत चित्रण किया। श्रीराम जन्म की महिमा सुनाते हुए उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरित्र को उजागर किया, वहीं श्रीकृष्ण जन्म का वर्णन करते समय पूरा पांडाल नंदोत्सव में बदल गया। श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे और 'जय श्रीराम', 'जय श्रीकृष्ण' के उद्घोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर विजय राठी, रविंद्र गोयनका, काश्मीर बतरा, गोपी मानधनिया, श्रीचंद कोचर, सुंदर बसंतानी, शांतीलाल कोचर, मोहन खिलवानी, भरत रूपारेल, वासुदेव त्रिवेदी, ब्रिजमोहन करवा, रूपा महाराज, द्वारकादास मोहता, अभिनंदन मुणोत, हरिभाई चंदाराणा, अबरचंद भांगडिया, गोपाल राठी, अरूण हुरकट, प्रदीप जोशी, राजेंद्र भंगड़िया, राजेश कोचर, विजय उरकुडकर, विजय अग्रवाल, राजु मोटवानी, विजय पाराशर, तपेश चंदाराणा और संतोष बोधानी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज की।

